संख्याः 1157/नौ-4-12-90एल.सी./07

प्रेषक,

दीपकांश सिंह,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त नगर आयुक्त,
नगर निगम,
उत्तर प्रदेश।

नगर विकास अनुभाग-4 लखनऊः दिनांकः 27 अप्रैल, 2012

विषयः उ.प्र. पालिका केन्द्रीयित (ट्रैफिक) इंजीनियरिंग संवर्ग के कार्यो के निर्धारण के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या-7117/नौ-4-10-90एल0सी0/07, दिनांक 14 दिसम्बर, 2010 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा उ0प्र0 पालिका ट्रैफिक इंजीनियरिंग संवर्ग के कार्यो का निर्धारण किया गया है।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सम्यक् विचारोपरांत उक्त शासनादेश दिनांक 14 दिसम्बर, 2010 में आंशिक संशोधन करते हुए उ.प्र. पालिका ट्रैफिक इंजीनियरिंग संवर्ग के अभियंताओं हेतु निम्नानुसार कार्यो एवं दायित्वों का निर्धारण किया जाता है :-

1. शहरी क्षेत्र में सुरक्षित यातायात संचालन हेतु सड़कों पर डिवाईडर्स का निर्माण तथा डिवाईडर्स पर जगह-जगह अनाधिकृत/अनावश्यक कटिंग को बन्द कराये जाने का कार्य।
2. सुरक्षित यातायात हेतु सड़कों/पटरियों पर लगे खतरनाक एवं अनाधिकृत विज्ञापन पटों को हटाये जाने का कार्य।
3. सड़कों पर लगे यातायात सिग्नल जो क्रियाशील नहीं है उन्हें ठीक कराकर चालू कराये जाने का कार्य।
4. सुचारू रूप से यातायात संचालन हेतु सड़को पर अतिक्रमण को हटाये जाने का कार्य।
5. सड़कों पर समुचित स्थलों पर यात्रियों की सुविधा हेतु मैन्डेट्री साईन बोर्ड लगाये जाने का कार्य।
6. सड़क पार करते समय यात्रियों की सुरक्षा हेतु जेब्रा क्रासिंग बनाये जाने का कार्य।
7. नगर बस/टैम्पो आदि के रूकने के स्थान (स्टापेज) निर्धारित करने का कार्य।
8. सुचारू एवं सुरक्षित यातायात संचालन हेतु सड़कों पर गढ्ढे, खुले/क्षतिग्रस्त मेनहोल्स आदि को तत्काल ठीक कराये जाने का कार्य।
9. ट्रैफिक जाम से बचने हेतु चौराहों का यथा सम्भव चौड़ीकरण कर उन पर रोटरी/आईलैण्ड का निर्माण का नियोजन, विश्लेषण पर्यवेक्षण एवं निर्माण का कार्य।
10. दुर्घटना बहुल संकरी सड़कों का यातायात दबाव के अनुरूप उनका चौड़ीकरण कार्यो का नियोजन एवं पर्यवेक्षण तथा निर्माण कार्य।
11. स्कूल, अस्पताल, माल, बाजार आदि के निकट पार्किंग की व्यवस्था का कार्य।
12. यातायात प्रबन्धन को सशक्त एवं प्रभावशाली बनाने हेतु यातायात प्रशिक्षण पार्क का निर्माण कराये जाने का कार्य।
13. व्यस्त चौराहों पर कम्प्यूटराईज्ड सिग्नल्स की स्थापना का कार्य।

उक्त के अतिरिक्त ट्रैफिक संवर्ग के अभियंताओं द्वारा नगरीय परिवहन निदेशालय से समन्वय स्थापित करते हुए नगरीय क्षेत्र के ट्रैफिक सुधार संबंधी कार्य किया जाय।

3- यह भी सुनिश्चित किया जाता है कि उक्त से संबंधित समस्त सिविल कार्य ट्रैफिक संवर्ग के अभियंताओं द्वारा किया जायेगा।

4- उक्त के अतिरिक्त नगर आयुक्त द्वारा दिये गये कार्यो का निर्वहन ट्रैफिक अभियन्ताओं द्वारा किया जायेगा।

कृपया उपर्युक्त आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाय।

भवदीय

(श्रीप्रकाश सिंह)
विशेष सचिव।

संख्या एवं दिनांक तद्दैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- निदेशक, स्थानीय निकाय, उ.प्र. लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि कृपया अपने स्तर से भी नगर निगमों को सूचित करने का कष्ट करें।

2- नगर विकास विभाग के समस्त अनुभाग।

3- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

27/4/2012

श्रीप्रकाश सिंह)
विशेष सचिव।